प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में नये ट्रैक्टर का उद्घाटन

पन्तनगर। 24 नवम्बर 2024। विश्वविद्यालय फार्म के बेनी कार्यशाला पर फार्म की गतिविधियों को सुदृढ करने हेतु 63 हॉर्स पावर के दो ट्रैक्टर जॉन डीयर 5405 जो कि फोर व्हील ड्राइव वाले है, का फीता काट कर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि ये ट्रैक्टर फोर व्हील वाले हैं जिससे इनकी शक्ति भी अधिक है। फार्म में बड़े से बड़े कार्यो को सुचारू रूप से इस ट्रैक्टर के माध्यम से किया जा सकेगा। उन्होंने इसके लिए मुख्य महाप्रबंधक फार्म एवं उनकी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक फार्म डा. जयन सिंह, निदेशक शोध डा. ए.एस. नैन, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, महा प्रबंधक फार्म डा. आर.पी. सिंह एवं डा. बलविन्दर सिंह, डा. प्रभाकर एवं इंजीनियर डा. विकेश उपस्थित थे।

ट्रैक्टर का फीता काट उद्घाटन करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार